**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:27.10.2021**

# THE TRIBUNE

## START-UP CONTEST ORGANISED

**Faridabad:** The JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, has launched a state-level 'start-up contest 2021'. According to officials, the main aim of the programme is to encourage and motivate young minds to innovate and excel in various fields to realise the dream of attaining self-reliance. It is claimed that a supportive platform will be provided to the participants. The contest will have four themes, including digital technology, health and wellness, smart cities and sustainability. The themes are further divided into sub-themes based on technological innovation. The participants will have to register themselves with a brief synopsis of their proposed start-up idea by November 15. The final round of the contest will be held on November 26, wherein all finalist teams and participants will present their business proposals before the jury panel. The results will be declared on November 27. The winner of the contest will be rewarded on November 30, with the prizes of Rs 10 lakh for the first position, Rs five lakh for the second and Rs three lakh for the third spot.

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:27.10.2021**

# DAINIK JAGRAN

## सीएम की आउट आफ बाक्स थिंकिंग



जोगिया सब जानता है

बिजेंद्र बंसल

मुख्यमंत्री मनोहर लाल कई बार आउट आफ बाक्स थिंकिंग का उदाहरण पेश कर देते हैं। आउट आफ बाक्स थिंकिंग यानी लीक से हटकर सोचना। ऐसा ही एक आइडिया उन्होंने फरीदाबाद स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के कार्यक्रम में दिया है। वह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। सीएम ने पूर्व छात्रों से अपने विश्वविद्यालय को एक तरह से गोद लेने का आग्रह किया। मनोहर लाल ने उन्हें सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय बिना सरकारी अनुदान के चलाएं। उन्होंने जानकारी दी कि विश्वविद्यालय प्रति वर्ष 24 करोड़ रुपये अनुदान प्रदेश सरकार से लेता है। यदि विश्वविद्यालय प्रबंधन अपने पूर्व के 48 सत्रों में उत्तीर्ण होकर गए छात्रों में से प्रति सत्र 500 छात्र चयनित कर ले तो कुल छात्र हुए 24 हजार। इनसे यदि साल में 20-20 हजार रुपये गुरुदक्षिणा के रूप में विश्वविद्यालय को मिलेगा तो 48 करोड़ एकत्र हो जाएंगे और अनुदान की आवश्यकता नहीं होगी।



जेसी बोस विश्वविद्यालय में आयोजित पूर्व छात्र मिलन समारोह में जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव को ब्रिज कोर्स करने पर डिग्री देते मुख्यमंत्री मनोहर लाल, मध्यम में कुलपति दिनेश कुमार, दाईं ओर केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ● जागरण आकाईव

## घड़ी बेकार की चीज है

गुरुग्राम के सोहना क्षेत्र के गांव सरमथला रैली में मनोहर लाल ने घोषणा की है कि बायोमीट्रिक हाजिरी लगाने के साथ अब प्रत्येक सरकारी कर्मचारी को ऐसी हाथ में बांधने वाली स्मार्ट घड़ी दी जाएगी जिसमें जीपीएस लगा होगा। इससे कार्यदिवस व कार्यालय की समयावधि के दौरान सरकारी कर्मचारी की लोकेशन का पता लगाया जा सकेगा। कर्मचारी समझ नहीं पा रहे हैं कि मुख्यमंत्री ने उन्हें यह उपहार दिया है या मुसीबतों का हार। बायोमीट्रिक हाजिरी ही होती तो जुगाड़ कर लेते। दफ्तर आए। हाजिरी लगाई और फिर बाजार में या कैंटीन में। घर नजदीक हुआ तो जाकर घर की सुपर बास के हाथों की चाय पीते थे। बच्चों के स्कूल का समय होता था। वे भी घर नहीं रहते। सब कुछ अच्छा चल रहा था। लेकिन घड़ी मिल गई तो इसपर प्रतिबंध लग जाएगा। इसलिए कह रहे हैं कि घड़ी है तो बेकार चीज, लेकिन लेनी तो पड़ेगी ही।

## भाव में अंतर के लिए भावांतर का सहारा

राजनीति में तो अक्सर ऐसा होता है कि जब अपने भावों के अनुसार कार्य नहीं होता है तो व्यक्ति के भाव में अंतर आ जा जाता है। चौधरी बीरेंद्र सिंह को ही लें। पहले भाजपा के प्रति गजब का अनुरागसिक्त भाव रखते थे। मोदी कैबिनेट में मंत्री बने। कहते थे कि जो कांग्रेस ने चालीस साल में नहीं दिया, भाजपा ने चार महीने में दे दिया। लेकिन अब चौधरी साहब के भावों में अंतर आ गया है। उन्होंने बेटे बृजेंद्र को हिसार से लोक सभा का टिकट दिलाया। चाह रहे थे बेटा मंत्री बन जाए। नहीं बना तो अब कभी इनेलो के मंच पर चले जाते हैं तो कभी कृषि सुधार कानून विरोधी का आंदोलन का समर्थन करते हैं। फिलवक्त बाजरे की सरकारी खरीद के लिए लागू भावांतर भरपाई योजना का विरोध करने में जुटे हैं। अब भाव में अंतर लाने के लिए कुछ तो चाहिए ही, भावांतर ही सही।

## सूर्य अस्त के बाद साहब गुरुग्राम में व्यस्त

प्रदेश के 22 जिलों में से एक है नूंह। नीति आयोग के आंकड़ों में देश के अति पिछड़े इस जिले की जमीनी सच्चाई यह है कि इसके गठन से लेकर अब तक तीन बार इसका नाम बदल चुका है। जिले में काम करने के लिए कोई स्थायी अधिकारी नहीं मिल पाता है। सरकार को यहां जिला उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, एसडीएम और डीएसपी स्तर के अधिकारी लगाने के लिए मशक्कत करनी होती है। इन पदों पर तैनात अधिकारियों का मुख्यालय पर रहना जरूरी है। यह बात अलग है कि यहां अनुभव बढ़ाने की चाह में आने वाले अधिकारी भी अपने परिवार को नजदीक लगते फरीदाबाद, गुरुग्राम में ही रखते हैं। इसलिए सारा काम मातहत अधिकारियों के भरोसे रहता है। दिलचस्प यहकि मातहत अधिकारियों का परिवार भी गुरुग्राम या फरीदाबाद में रहता है। सो, साहब लोग शाम होते ही नूंह से निकल लेते हैं और कनिष्ठ अधिकारी ही रह जाते हैं।

**NEWS CLIPPING:27.10.2021**

# AMAR UJALA

# हरियाणा स्टार्टअप चैलेंज के लिए आइडिया आमंत्रित

## विजेताओं को विवि के इंक्यूबेशन सेंटर में मेंटरशिप के अलावा मिलेंगे पुरस्कार

अमर उजाला ब्यूरो

**फरीदाबाद।** युवा उद्यमियों के अभिनव विचारों को प्रोत्साहित करने के लिए जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए ने स्टार्टअप हरियाणा और भारत एक्सेलेरेटर गुरुग्राम के साथ मिलकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया है। प्रतियोगिता डिजिटल सेवा प्रदाता कंपनी डिजिटल बटुवा द्वारा प्रायोजित है। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा 15 नवंबर तक युवा प्रतिभाओं से चयनित थीम पर स्टार्टअप आइडिया आमंत्रित किये हैं।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा परिसर में तकनीकी नवाचार को लेकर एक ईको सिस्टम विकसित किया गया है। इस सुविधा के दायरे का विस्तार करने और राज्य के युवाओं को उनके स्टार्टअप सपनों को साकार करने में सहयोग देने के लिए विश्वविद्यालय ने राज्य स्तरीय जेसी बोस हरियाणा स्टार्ट-अप चैलेंज 2021 की शुरूआत की है।



वीडियो कांफ्रेंस जरिए वार्ता करते कुलपति डॉ. दिनेश कुमार।

आयोजन का उद्देश्य देश को आत्मनिर्भर बनाने में युवाओं के योगदान को प्रोत्साहित करना है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय ने सूचना प्रौद्योगिकी इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार विभाग हरियाणा (डाईटेक) और विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र व एमवी इलेक्ट्रो सिस्टम के प्रबंध निदेशक मोहित वोहरा द्वारा प्राप्त सहयोग से प्रौद्योगिकी व्यावसाय इनक्यूबेटर (जेसीबी-टीबीआई) विकसित किया है। विश्वविद्यालय द्वारा कंपनी एक्ट के सेक्शन-8 अंतर्गत पंजीकृत जेसी बोस वाईएमसीए इनक्यूबेशन फाउंडेशन के नाम से एक प्रौद्योगिकी व्यावसाय इनक्यूबेटर चलाया जा रहा है।

डीन प्रो. विक्रम सिंह ने बताया कि स्टार्टअप प्रतियोगिता डिजिटल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, स्मार्ट सिटी और स्थिरता सहित चार मुख्य थीम पर शुरू की गई है। तकनीकी नवाचार के आधार पर थीम को आगे सब-थीम में विभाजित किया गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी को 15 नवंबर तक अपने स्टार्ट-अप आइडिया का सारांश पोर्टल पर देना होगा। प्रतियोगिता का अंतिम दौर 26 नवंबर को आयोजित किया जाएगा।

परिणाम 27 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। विजेता को 30 नवंबर को जगदीश चंद्र बोस की जयंती पर पुरस्कृत किया जाएगा, जिसमें प्रथम स्थान के लिए 10 लाख रुपये, दूसरे स्थान के लिए 5 लाख रुपये और तीसरे स्थान के लिए 3 लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। पुरस्कारों में जेसी बोस वाईएमसीए इनक्यूबेशन फाउंडेशन में दो साल तक की इंक्यूबेशन सुविधा और इंडिया एक्सेलेरेटर के साथ गुरुग्राम से तीन महीने तक बिजनेस नेटवर्किंग सपोर्ट शामिल होगा।

**NEWS CLIPPING:27.10.2021**

# HINDUSTAN

जे.सी. बोस विश्वविद्यालय ने हरियाणा स्टार्ट-अप चैलेंज 2021 किया शुरू, विश्वविद्यालय युवाओं के स्टार्ट-अप आइडिया को देगा सहयोग

## देश को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करने के लिए युवाओं से विचार मांगे

**आमंत्रण**

**फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता**

युवा उद्यमियों के अभिनव विचारों को प्रोत्साहित एवं सहयोग के लिए जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता जे.सी. बोस हरियाणा स्टार्ट-अप चैलेंज 2021 का मंगलवार को शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के तहत विश्वविद्यालय ने 15 नवंबर, 2021 तक युवा प्रतिभाओं से चयनित थीम पर स्टार्ट-अप आइडिया आमंत्रित किए हैं।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इसमें स्टार्ट-अप हरियाणा और भारत एक्सेलेरेटर, गुरुग्राम का भी सहयोग लिया जाएगा। यह प्रतियोगिता डिजिटल सेवा प्रदाता कंपनी डिजिटल बटुवा प्रायोजित कर रहा है।

**तकनीकी नवाचार को लेकर एक इकोसिस्टम विकसित किया :** कुलपति ने कहा कि जे.सी. बोस विश्वविद्यालय ने परिसर में तकनीकी नवाचार को लेकर एक इकोसिस्टम विकसित किया है। इस सुविधा के दायरे का विस्तार करने और राज्य के युवाओं को उनके स्टार्ट-अप सपनों को साकार करने में सहयोग देने के लिए विश्वविद्यालय ने राज्यस्तरीय जे.सी. बोस हरियाणा स्टार्ट-अप चैलेंज 2021 की शुरुआत की है। प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य देश को आत्मनिर्भर बनाने में युवाओं के योगदान को प्रोत्साहित करना है।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने सूचना प्रौद्योगिकी इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार विभाग, हरियाणा (डाइटिक) और विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र मोहित वोहरा, प्रबंध निदेशक, एमवी इलेक्ट्रोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्राप्त सहयोग से प्रौद्योगिकी व्यवसाय इनक्यूबेटर (जेसीबी-टीबीआई) विकसित किया है। इनक्यूबेटर में आईओटी लैब, को-वर्किंग स्पेस एवं प्रोटोटाइप और परीक्षण के लिए 3डी प्रिंटिंग सेटअप जैसी सुविधाएं है।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने कंपनी एक्ट के सेक्शन-8 अंतर्गत पंजीकृत जे.सी. बोस वाईएमसीए इनक्यूबेशन फाउंडेशन के नाम से एक प्रौद्योगिकी व्यवसाय इनक्यूबेटर चलाया जा रहा है।

### प्रतियोगिता चार थीम पर शुरू की जाएगी

प्लेसमेंट, एलुमनाई एवं कॉर्पोरेट मामलों के डीन प्रो विक्रम सिंह ने बताया कि जे.सी. बोस हरियाणा स्टार्ट-अप प्रतियोगिता-2021 डिजिटल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, स्मार्ट सिटी और स्थिरता सहित चार मुख्य थीम पर शुरू की गई है। तकनीकी नवाचार के आधार पर थीम को आगे सब-थीम में विभाजित किया गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी को 15 नवंबर, 2021 तक अपने स्टार्ट-अप आइडिया का सारांश का पंजीकरण लिंक (https://forms.gle/4YiZv1APXYCPW2sj6) पर करना होगा। प्रतियोगिता का अंतिम दौर 26 नवंबर, 2021 को आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी फाइनल टीमों एवं प्रतिभागियों को निवेशक जूरी पैनल के समक्ष स्टार्ट-अप आइडिया प्रस्ताव करने होंगे। अंतिम परिणाम 27 नवंबर, 2021 को घोषित किए जाएंगे।

### विजेताओं को किया जाएगा सम्मानित

प्रतियोगिता के विजेता को 30 नवंबर, 2021 को जगदीश चंद्र बोस की जयंती पर पुरस्कृत किया जाएगा, जिसमें प्रथम स्थान के लिए 10 लाख रुपये, दूसरे स्थान के लिए 5 लाख रुपये और तीसरे स्थान के लिए 3 लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। पुरस्कारों में जे.सी. बोस वाईएमसीए इनक्यूबेशन फाउंडेशन में दो साल तक की इंक्यूबेशन सुविधा और इंडिया एक्सेलेरेटर, गुरुग्राम से 3 महीने तक बिजनेस नेटवर्किंग सपोर्ट शामिल है।

**NEWS CLIPPING:27.10.2021**

# HINDUSTAN



# 'वैज्ञानिक प्रगति से मानव जीवन में सुधार आएगा'

**फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता**

जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा भौतिक अनुप्रयोगों के लिए उन्नत सामग्री को लेकर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएएमएसए-2021) मंगलवार से शुरू हो गया। इस दौरान मौजूद अतिथियों ने सामाजिक जीवन में विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला और वैज्ञानिक प्रगति से मानव जीवन की गुणवत्ता में सुधार बताया।

उद्घाटन सत्र में नीदरलैंड के ट्वेंटी विश्वविद्यालय से प्रो. एच. जे. डब्ल्यू. जांडवलियट मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस सत्र में नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज (एनएबीएल), गुड़गांव के अध्यक्ष प्रो. आर. के. कोटनाला विशिष्ट अतिथि रहे।

सत्र में भौतिकी विभाग की अध्यक्ष डॉ. अनुराधा शर्मा भी मौजूद थीं। सम्मेलन का संचालन आयोजन सचिव डॉ. अनुराग गौड़ और डॉ. प्रमोद कुमार ने किया। डॉ अनुराधा शर्मा ने सभी गणमान्य व्यक्तियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक प्रगति से मानव जीवन की गुणवत्ता में सुधार का मुख्य आधार है, इसलिएयह किसी न किसी तरह से मानव जीवन एवं समाज कल्याण से जुड़ा होना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रो. दिनेश कुमार ने सामाजिक अनुप्रयोगों के लिए उन्नत सामग्री के विकास पर जोर दिया।

**NEWS CLIPPING:27.10.2021**

# DAINIK JAGRAN

## प्रतिभागी 15 नवंबर तक दे सकते हैं अपना आइडिया

**जेसी बोस हरियाणा स्टार्ट-अप**

वि., **फरीदाबाद:** जेसी बोस (वाईएमसीए) विवि ने स्टार्ट-अप हरियाणा और भारत एक्सेलेरेटर गुरुग्राम के साथ मिलकर एक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जेसी बोस हरियाणा स्टार्ट-अप चैलेंज 2021 का शुरू की है। डिजिटल सेवा प्रदाता कंपनी डिजिटल बटुवा द्वारा प्रायोजित प्रतियोगिता के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा 15 नवंबर तक युवा प्रतिभाओं से चयनित थीम पर स्टार्ट-अप आइडिया आमंत्रित किए हैं।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि जेसी बोस विवि द्वारा परिसर में तकनीकी नवाचार को लेकर एक ईको सिस्टम विकसित किया गया है। इस आयोजन का उद्देश्य देश को आत्मनिर्भर बनाने में युवाओं के योगदान को प्रोत्साहित करना है। डीन प्रो.विक्रम सिंह ने बताया कि जेसी बोस हरियाणा स्टार्ट-अप प्रतियोगिता-2021 डिजिटल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, स्मार्ट सिटी और स्थिरता सहित चार मुख्य थीम पर शुरू की गई है। तकनीकी नवाचार के आधार पर थीम को आगे सब-थीम में विभाजित किया गया है। प्रतियोगिता का अंतिम दौर 26 नवंबर को आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी फाइनल टीमों एवं प्रतिभागियों को निवेशक निर्णायक के समक्ष स्टार्ट-अप आइडिया प्रस्ताव प्रस्तुत करने होंगे। अंतिम परिणाम 27 को और विजेताओं को 30 को जगदीश चंद्र बोस की जयंती पर पुरस्कृत किया जाएगा। प्रथम स्थान हासिल करने वाले को 10 लाख, दूसरे स्थान वाले को पांच लाख और तृतीय को तीन लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:27.10.2021**

# PUNJAB KESARI

## स्टार्ट-अप चैलेंज 2021 के लिए युवाओं से स्टार्ट-अप आइडिया आमंत्रित

- जेसी बोस विश्वविद्यालय देगा युवाओं के स्टार्ट-अप आइडिया को सहयोग
- विजेताओं को इंक्यूबेशन सेंटर में मिलेंगे कई पुरस्कार

फरीदाबाद, 26 अक्तूबर (पूजा शर्मा): युवा उद्यमियों के अभिनव विचारों को प्रोत्साहित एवं सहयोग के लिए जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने स्टार्ट-अप हरियाणा और भारत एक्सेलेरेटर, गुरुग्राम के साथ मिलकर एक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जे.सी. बोस हरियाणा स्टार्ट-अप चैलेंज 2021 का शुभारंभ किया है। यह प्रतियोगिता डिजिटल सेवा प्रदाता कंपनी डिजिटल बटुवा द्वारा प्रायोजित है। प्रतियोगिता के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा 15 नवंबर, 2021 तक युवा प्रतिभाओं से चयनित थीम पर स्टार्ट-अप आइडिया आमंत्रित किये हैं। इस कार्यक्रम का शुभारंभ हाल ही में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल द्वारा विश्वविद्यालय की एलुमनाई मीट के दौरान किया गया था।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि जे.सी. बोस विश्वविद्यालय द्वारा परिसर में तकनीकी नवाचार को लेकर एक इकोसिस्टम विकसित किया गया है। इस सुविधा के दायरे का विस्तार करने और राज्य के युवाओं को उनके स्टार्ट-अप सपनों को साकार करने में सहयोग देने के लिए विश्वविद्यालय ने राज्य स्तरीय जे.सी. बोस हरियाणा स्टार्ट-अप चैलेंज 2021 की शुरूआत की है। प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य देश को आत्मनिर्भर बनाने में युवाओं के योगदान को प्रोत्साहित करना है।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने सूचना प्रौद्योगिकी इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार विभाग, हरियाणा (डाईटेक) और विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र मोहित वोहरा, प्रबंध निदेशक, एमवी इलेक्ट्रोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्राप्त सहयोग से प्रौद्योगिकी व्यवसाय इनक्यूबेटर (जेसीबी-टीबीआई) विकसित किया है। इनक्यूबेटर में आईओटी लैब, को-वर्किंग स्पेस एवं प्रोटोटाइप और परीक्षण के लिए 3डी प्रिंटिंग सेटअप जैसी सुविधाएं है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा कंपनी एक्ट के सेक्शन-8 अंतर्गत पंजीकृत जे.सी. बोस वाईएमसीए इनक्यूबेशन फाउंडेशन के नाम से एक प्रौद्योगिकी व्यवसाय इनक्यूबेटर चलाया जा रहा है। प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से बताते हुए प्लेसमेंट, एलुमनाई एवं कॉर्पोरेट मामलों के डीन प्रो विक्रम सिंह ने बताया कि जे.सी. बोस हरियाणा स्टार्ट-अप प्रतियोगिता-2021 डिजिटल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, स्मार्ट सिटी और स्थिरता सहित चार मुख्य थीम पर शुरू की गई है। तकनीकी नवाचार के आधार पर थीम को आगे सब-थीम में विभाजित किया गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी को 15 नवंबर, 2021 तक अपने स्टार्ट-अप आइडिया का सारांश का पंजीकरण करना होगा। प्रतियोगिता का अंतिम दौर 26 नवंबर, 2021 को आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी फाइनल टीमों एवं प्रतिभागियों को निवेशक जूरी पैनल के समक्ष स्टार्ट-अप आइडिया प्रस्ताव करने होंगे। अंतिम परिणाम 27 नवंबर, 2021 को घोषित किए जाएंगे। विजेता को 30 नवंबर, 2021 को जगदीश चंद्र बोस की जयंती पर पुरस्कृत किया जाएगा।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:27.10.2021**

# PIONEER

## भौतिक विज्ञान पर सम्मेलन शुरू

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा भौतिक अनुप्रयोगों के लिए उन्नत सामग्री को लेकर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएएमएसए-2021) शुरू हो गया। उद्घाटन सत्र में नीदरलैंड के ट्वेंटी विश्वविद्यालय से प्रो. एचजे डब्ल्यू जांडवलियट मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस सत्र में नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज (एनएबीएल), गुड़गांव के अध्यक्ष प्रो. आरके कोटनाला विशिष्ट अतिथि रहे। सत्र में भौतिकी विभाग की अध्यक्ष डॉ. अनुराधा शर्मा भी मौजूद थीं। सम्मेलन का संचालन आयोजन सचिव डॉ. अनुराग गौड़ और डॉ. प्रमोद कुमार ने किया। सत्र को संबोधित करते हुए डॉ अनुराधा शर्मा ने सभी गणमान्य व्यक्तियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का स्वागत किया।